फर्द अहकाम

न्यायालय जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, जयपुर

सूरज यादव बनाम एस॰ डी॰ ओ॰ जयपुर द्वितीय व अन्य

केस संख्या 161 /2022 (मुन्तकिल प्रार्थना पत्र)

दिनांक आज्ञा या कार्यवाही	आज्ञा का विस्तृत रूप	विशेष विवरण
22.07.2022	दरख्वास्तगुजार ने उपखण्ड अधिकारी जयपुर द्वितीय के समक्ष विचाराधीन प्रकरण संख्या 137/2021 व उनवानी सूरज यादव बनाम मैसर्स ओम शिव व अन्य में पीठासीन अधिकारी से न्याय मिलने में शंका जाहिर कर उक्त प्रकरण को दीगर न्यायालय में मुन्तकिल किये जाने का अनुरोध किया है। उपखण्ड अधिकारी जयपुर द्वितीय से बिन्दूवार टिप्पणी तलब हो। प्रकरण दर्ज रजिस्टर हो। नोटिस विपक्षीगण के रजिस्टर्ड जारी हो। पत्रावली दिनांक 22.08.2022 को पेश हो। (हस्ताक्षर) जिला कलक्टर जयपुर	2908 22.7.22
22.8.22	पत्रावली पेश हुई। प्रार्थी व अप्रार्थी अधिवक्ता उपस्थित है। प्रार्थी ने अवगत कराया है कि उपखण्ड अधिकारी जयपुर द्वितीय के पीठासीन अधिकारी श्री राजेश नायक का अन्यत्र स्थानान्तरण हो गया है। प्रार्थी के सुयोग्य अधिवक्ता को गौर से सुना गया। पत्रावली का भलीभांति अवलोकन किया गया । उपखण्ड अधिकारी जयपुर द्वितीय के तत्कालीन पीठासीन अधिकारी श्री राजेश नायक का अन्यत्र स्थानान्तरण हो जाने से उनके विरूद्व प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत यह मुन्तकिल प्रार्थना पत्र स्वतः ही प्रभाव शुन्य (Infructuous) हो गया है। फलस्वरूप प्रार्थी का मुन्तकिल प्रार्थना पत्र खारिज किया जाता है। पत्रावली नम्बर से कम हो। (हस्ताक्षर) (प्रकाश राजपुरोहित) जिला कलक्टर जयपुर	